बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
:: आदेश ::

संचिका संख्या–14/डी0एल0ए0/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति(DLAO)–01/2025–1855/रा0, पटना, दिनांक–06-10-26

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के रिक्त पद पर नियमित पदस्थापन होने तक प्रशासनिक हित में श्री अजय कुमार, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण का प्रभार प्रदान किया जाता है।

2. श्री अजय कुमार, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act- 2013) की धारा–3 (जी) के अन्तर्गत बिहार राज्यपाल के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रभार ग्रहण करने की तिथि से जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के रूप में भू–अर्जन कार्यों के सम्पादन हेतु अधिनियम की धारा–11, 13, 15, 16 (6), 17, 19, 26 एवं 81 को छोड़कर समाहर्त्ता की शक्ति प्रदत्त कीं जाती है।

3. साथ ही श्री कुमार को पूर्व की प्रकियान्तर्गत भू–अर्जन कार्यों के लंबित मामलों के सम्पादन हेतु भू–अर्जन अधिनियम, 1894 यथा संशोधित 1984 की धारा–4, 5 (ए) 6 एवं 35 को छोड़कर समाहर्त्ता की शक्ति प्रदत्त की जाती है।

4. इसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि/भत्ता देय नहीं होगा।

5. एतद् सम्बन्धी पूर्व की निर्गत सभी अधिसूचनाएँ इस हद तक संशोधित समझी जाएगी।

6/10/26
(कमलेश कुमार सिंह),
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांक– 14/डी0एल0ए0/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति(DLAO)–01/2025–1855/रा0 पटना, दिनांक–06-10-26

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत(मुजफ्फरपुर)/समाहर्त्ता, पूर्वी चंपारण/ सचिव के प्रधान आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/श्री अजय कुमार, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ एवं संबंधित को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

6/10/26
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांक– 14/डी0एल0ए0/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति(DLAO)–01/2025–1855/रा0 पटना, दिनांक–06-10-26

प्रतिलिपिः– वरीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–3ए, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के रिक्त पद पर नियमित पदस्थापन करने की कृपा की जाय।

6/10/26
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।